## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.02.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. भारत सरकार ने टीबी रोगियों के लिए प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान शुरू किया है।
2. केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा – जहाजरानी और आपूर्ति प्रबंधन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़।
3. द्वीपसमूह की जैव विविधता पर दो दिवसीय वैज्ञानिक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।
4. एम वी हटबे की स्वराजद्वीप की यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल ।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, निश्चय मित्र आवश्यक पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए कम से कम छह महीने की अवधि के लिए एक या अधिक टीबी रोगियों को गोद ले सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य अतिरिक्त सहायता के माध्यम से टीबी रोगियों के लिए उपचार को बढ़ाना और दो हजार पच्चीस तक टीबी को खत्म करने के भारत के मिशन में समुदाय को शामिल करना है। अंडमान निकोबार एकीकृत विकास निगम ने द्वीपसमूह से टीबी मरीजों को गोद लेने और उन्हें आवश्यक पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है। वर्तमान में एक सौ सतहत्तर टीबी रोगियों को तीनों जिलों में निक्षय मित्रों से सहायता मिल रही है। टीबी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। निश्चय मित्र के रूप में पंजीकरण कराने के इच्छुक लोग अधिक जानकारी के लिए 03192–242132 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

बंदरगाह–जहाजरानी और आपूर्ति प्रबंधन क्षेत्र, देश की अर्थव्यवस्था को पोषित करने वाली जीवन रेखाएं हैं। यह बात केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल मुंबई में बंदरगाह–जहाजरानी और आपूर्ति प्रबंधन–दो हजार पच्चीस पर बारहवें द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन के दौरान कही। श्री गोयल ने कहा कि देश में जहाज निर्माण के अवसर बहुत अधिक हैं और सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के तरीकों पर विचार कर रही है। श्री गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में अपनी बंदरगाह क्षमता को दोगुना कर दिया है और जहाजों के आवाजाही समय को काफी कम कर दिया है। उन्होंने बंदरगाहों पर वर्तमान यातायात को संभालने के लिए लॉजिस्टिक्स प्रणाली को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मंत्री ने इस क्षेत्र में नाविकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण के एक हाइब्रिड मोड का आह्वान किया। उन्होंने समुद्री व्यापार और आपूर्ति प्रबंधन क्षेत्र को विकसित भारत के लिए रीढ़ की हड्डी बताया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए साल में दो बार परीक्षा लेने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति – दो हजार बीस के तहत यह सिफारिश की गई थी कि छात्रों को बेहतर प्रदर्शन का मौका मिले। सी बी एस ई ने इस फैसले से जुड़ी एक ड्राफ्ट पोलिसी तैयार कर ली है, जिसे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। सभी हितधारकों से इस पर नौ मार्च – दो हजार पच्चीस तक सूझाव मांगे गए है। अंतिम नीति इन सुझाव के आधार पर तैयार की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सी बी एस ई की आधिकारिक वेबसाइट देखी जा सकती है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान और निकोबार क्षेत्रीय केंद्र आज और कल भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु; भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली और राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत, प्रयागराज द्वारा

प्रायोजित अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जैव विविधता में हालिया प्रगति पर दो दिवसीय विज्ञान अकादमिक व्याख्यान कार्यशाला आयोजित कर रहा है। इस व्याख्यान कार्यशाला में दक्षिण अंडमान के विभिन्न संस्थानों, कॉलेजों और स्कूलों के एक सौ दस व्याख्याता, शिक्षक और छात्र भाग लेंगे। दो दिवसीय व्याख्यान कार्यशाला में द्वीप समूह की जैव विविधता में हालिया प्रगति पर कक्षाएं शामिल हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक रवि होरो, मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर बेंगलुरु के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. डॉ. के. आर. शिवन्ना और वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से एम वी हटबे की कल सवेरे साढ़े ग्यारह बजे श्री विजयपुरम से स्वराजद्वीप की होने वाली यात्रा में फेरबदल किया गया है। अब यह जहाज सवेरे ग्यारह बजे फीनिक्स–बे जेट्टी से स्वराज द्वीप की यात्रा पर जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ''पोषण सुरक्षा के लिए फल उत्पादन'' विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निकोबारी जन–जातिय परिवारों को स्थानीय रूप से अनुकूल फल फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक पूजा बोहरा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने मौसमी फलों के पोषण के महत्व पर ज़ोर दिया। इस प्रशिक्षण में कुल अट्ठहत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ट्राइबल काउंसिल के सचिव फेसट्स और फस्ट कैप्टन एन्ड्रयू मोसेस ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। यह पहल द्वीपवासियों की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केन्द्र में कल शाम साढ़े चार बजे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबल पुरस्कार विजेता सर–सी बी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में हर वर्ष अट्ठाईस फरवरी को पूरे देश में इस समारोह का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों में विज्ञान के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। कार्यक्रम में प्रशासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहेल मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विज्ञान सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कृत किए जाएंगे।

<><><><><><><>

प्रशासन के परिवहन निदेशालय में कल बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भूकंप, आग और सुनामी जैसी आपदाओं से निपटने की क्षमता का आंकलन करना था। इस अभ्यास में परिवहन निदेशक जतिन्दर सोहेल सहित प्रशासन के विभिन्न विभागों के एक सौ दस अधिकारियों एवं कर्मचारियों शामिल हुए। ज़िला प्रशासन, पुलिस स्वास्थ्य अग्निशमन और विद्युत विभाग की टीमें भी इस अभ्यास में सहयोगी रही। अभ्यास कल सुबह ग्यारह बजे भूकंप और सुनामी अलर्ट के साथ शुरू हुआ। इसके बाद परिवहन निदेशक ने सभी विभागीय टीमों को आपातकालीन संचालन केन्द्रों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मॉक ड्रिल के तहत लापता कर्मचारियों की खोज, राहत और प्राथमिक उपचार जैसी गतिविधियां भी की गई।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार अण्डा बैंक का उद्घाटन किया गया। रोटरी इंटरनेशनल की एक सौ बीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी के डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरेयन डॉ. कृष्णनेन्दु गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अण्डा बैंक को पहले ही भारत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिल चुकी है। कुपोषण और खाद्य असुरक्षा से निपटने के लिए एक सौ दस से ज्यादा अण्डा बैंक स्थापित किए गए है। द्वीपसमूह में पहले अण्डा बैंक की शुरूआत इस क्षेत्र में इन मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारत में परिवहन नियोजन तैयार करने और उसे प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने अपनी बडी खबर बनाया है। अखबार ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वैच्छिक दान दाताओं को निश्चय मित्र के रूप में पंजीकरण करने और टी बी रोगियो को अपना समर्थन देने के लिए प्रोत्साहित करने के समाचार को पहले पन्ने में जगह दी है। सी बी एस ई द्वार दसवीं कक्षा के लिए वर्ष में दो पारियों में परीक्षा के लिए मसौदा नीति तैयार करने तथा सभी अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से प्रतिक्रिया आमंत्रित करने के समाचार को द **द डेली टेलीग्राम्स** ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। यातायात विभाग द्वारा बनावटी अभ्यास आयोजित करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अपने भीतर के पन्ने में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने मछली बाजारों में बुनियादी शौचालय की सुविधा न होने से मछुआरों को हो रही परेशानी के समाचार को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>